हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, रविवार, 15 जून, 2025

14 डिस्पोजल की गंदगी से अटी पड़ी ग्रीन बैल्ट,फास्ट फूड सेंटर कारों...



14 खेलों से जुड़े रहने वाले युवा रहते हैं नशे से दूरः भवानी सिंह



**खबर संक्षेप**

### गोली मारकर किसान की हत्या, 20 पर केस दर्ज

**सिरसा।** जिला के गांव भावदीन में लेन-देन को लेकर हुए झगड़े में एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन-चार लोग घायल हो गए। घायलों में से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। डिंग पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर कई नामजद सहित करीब 20 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है। जानकारी के अनुसार गांव शहीदांवाली निवासी बिश बर ने गांव भावदीन में ठेके पर जमीन ली हुई है, जिस पर खेती करता था। बताया जाता है कि पुरानी लेन-देन को लेकर दो पक्षों के बीच पुराना विवाद चल रहा था।

### युवक 5.57 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार

**डबवाली।** सीआईए डबवाली पुलिस ने गश्त के दौरान वार्ड नंबर आठ से एक युवक को 5.57 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। सीआईए डबवाली प्रभारी सब इंस्पेक्टर राजपाल ने बताया कि थाना की एक पुलिस टीम ने गश्त के दौरान वार्ड नंबर आठ में नेहरु स्कूल के समीप से एक युवक को शक के आधार पर रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जा से 5.57 ग्राम हैरोइन बरामद हुई।

### युवक 26 बोतल अवैध शराब सहित गिरफ्तार

**डबवाली।** सदर थाना डबवाली पुलिस ने गश्त के दौरान गांव खुईयां मलकाना क्षेत्र से एक युवक को 26 बोतल अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। सदर थाना डबवाली प्रभारी निरीक्षक ब्रह्मप्रकाश ने बताया कि थाना की एक पुलिस टीम नियमित गश्त पर थी। इस दौरान सरकारी स्कूल गांव खुईयांमलकाना फिरनी पर एक युवक नजर आया जो पुलिस टीम को देखकर वहां से फरार होने की कोशिश करने लगा। शक के आधार पर उक्त युवक को रोककर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 26 बोतल अवैध शराब बरामद हुई।

### कृष्णा फौगाट बनी महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष

**सिरसा।** कांग्रेस नेत्री कृष्णा फौगाट को पार्टी हाईकमान ने सिरसा महिला कांग्रेस की अध्यक्ष नियुक्त किया है। अपनी नियुक्ति पर कृष्णा फौगाट ने शीर्ष नेतृत्व समेत पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सिरसा सांसद कुमारी सैलजा के साथ-साथ पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा व महिला संगठन की प्रदेशाध्यक्ष सुधा भारद्वाज समेत पार्टी की तमाम वरिष्ठ लीडरशिप का आभार व्यक्त किया है।

### सो रही महिला के कानों से चुराए झुमके

**सिरसा।** जिला के गांव फूलकां स्थित एक ढाणी में सो रही महिला के कानों से चोर सोने के झुमके चोरी कर ले गया। पुलिस को दी शिकायत में कृष्ण कुमार ने बताया कि बीती 13 जून की रात्रि को परिवार के लोग खाना खाकर सो गए। सुबह करीब 4 बजे मुंह ढांपे हुए एक व्यक्ति आया और उसकी पत्नी ज्ञानी देवी के कानों से सोने के झुमके चोरी कर ले गया। सुबह जब उसकी पत्नी उठी तो उसे घटना का पता चला। उन्होंने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की।

### गेहूं चोरी के आरोपी गिरफ्तार

**रानियां।** गांव करीवाला में बीते दिनों खेतों में स्थित ढाणी से करीब 3 क्विंटल गेहूं चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले तीन लोगों को करीवाला पुलिस चौकी ने मात्र 24 घंटों में गिरफ्तार कर लिया है। रानियां थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि बीती 12 जून को गांव करीवाला निवासी बलदेव सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि घर पर ताला लगाकर परिवार सहित रिश्तेदारी में गए हुए थे।

## अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में अभी बहाल नहीं हो पाई बिजली व्यवस्था

# आंधी के साथ आई बारिश, 268 खंभे और 28 ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त

### कर्मचारियों ने तुरंत कार्रवाई कर टूटे खंभों को बदलने का काम शुरू किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶रतिया

रतिया में देर रात को आई आंधी के बाद तेज हवा के साथ आई बारिश से क्षेत्र में सड़कों पर पेड़ गिरने से आवागमन बाधित हो गया। वहीं बिजली के खंभे टूटने और ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने से बिजली व्यवस्था ठप हो गई। आंधी के बाद क्षेत्र में जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया। बारिश से सबसे अधिक नुकसान बिजली निगम को हुआ है। निगम के अनुसार आंधी के चलते 268 खंभे और 28 ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए। इसके अलावा पेड़ों के गिरने और शाखाएं टूटने से बिजली आपूर्ति और आवागमन भी प्रभावित हुआ। शनिवार दोपहर तक निगम के कर्मचारियों ने तुरंत कार्रवाई टूटे खंभों को बदलने और क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मरों को ठीक करने के कार्य में पूरी तरह जुटे हुए है हालांकि रतिया शहर में रात भर बिजली की आंख मिचोली चलती रही तथा अनेकों ग्रामीण क्षेत्र में डाइवर्ट एरिया से बिजली आपूर्ति की खानापूर्ति की गई लेकिन 24 घंटे बीत जाने के बाद भी बिजली व्यवस्था सुचारू नही हो पाई है। बिजली निगम के ग्रामीण एसडीओ अशोक पानू ने बताया कि तेज हवा और बारिश से ग्रामीण क्षेत्र में करीब 170 पोल व 13 बिजली ट्रांसफर टूट गए जिनको देर शाम से रात भर बिजली कर्मचारी बिजली व्यवस्था दूर करने में जुटे रहे। उन्होंने बताया कि नुकसान ज्यादा होने के चलते बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने में समय लग रहा है। शहरी एसडीओ सुनील कंबोज ने बताया कि तेज आंधी और बारिश से उनके क्षेत्र में करीब 68 पोल व 15 ट्रांसफर टूट गए। जिनको दुरुस्त करवाकर बिजली व्यवस्था सुचारू कर दी गई है।



रतिया। बारिश के बाद गिरे पेड़। फोटोः हरिभूमि



रतिया। अंधड़ के कारण सडक़ पर गिर बिजली के पोल। फोटोः हरिभूमि

**यातायात प्रभावित**

तेज हवा के साथ आई बारिश से भूना व सहनाल गांव सहित अन्य लिंक रोड पेड़ों के गिरने से सडक़ यातायात प्रभावित हो गया। सडक़ के रास्ते बंद होने के चलते आवागमन पूरी तरह बंद होने के चलते आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा, रास्ता बंद होने के चलते अनेक को वाहन चालक ग्रामीण क्षेत्र की गलियों से गुजर कर भारी परेशानी का सामना कर अपने गंतव्य तक पहुंचे।

# सीवरेज ओवरफ्लो से लोग परेशान

- जजपा के शहरी प्रधान दीपक भाटिया ने गली में पहुंचकर लोगों से तकलीफों की जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरसा

स्थानीय बाटा कॉलोनी की गली नंबर 7 में पिछले लंबे समय से सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या से लोगों को जीना दुश्वार हो गया है। आमजन की इस गंभीर समस्या को लेकर जननायक जनता पार्टी के शहरी प्रधान दीपक भाटिया ने शनिवार को गली में पहुंचकर स्थानीय लोगों से उनकी तकलीफों की जानकारी ली। स्थानीय लोगों ने जेजेपी पदाधिकारियों को बताया कि पिछले लंबे समय से उनकी गली में सीवरेज की समस्या है और इसके समाधान के लिए वे बार बार संबंधित विभाग के अधिकारियों से मिले हैं मगर कोई कदम नहीं उठाया जा सका है। स्थानीय गलीवासियों ने उन्हें बताया कि गली में इस ओवरफ्लो सीवरेज व्यवस्था के कारण उनका गली से निकलना मुहाल हो गया है। दीपक भाटिया ने गलीवासियों को आश्वस्त किया कि वे उनकी तकलीफ को दूर करवाने के लिए जनस्वास्थ्य विभाग के आलाधिकारियों से चर्चा कर उनका समाधान करवाएंगे।



सिरसा। बाटा कॉलोनी में गलियों में बता दूषित पानी। फोटोः हरिभूमि

# पूर्व पार्षद ने भाजपा नेता पर लगाए गंभीर आरोप

- पूर्व पार्षद सैनी ने दी चेतावनी, मंगलवार तक पाई पाई का हिसाब दे नारियल फोड़ नेता, नहीं तो दैंगे धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरसा

पूर्व नगर पार्षद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील सैनी ने सिरसा के कथित नारियल फोड़ नेता पर नगरपरिषद व शहरवासियों के सहयोग की राशि से शिवपुरी के हो रहे निर्माण कार्य करवाने में धांधली करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने नगरपरिषद के दो करोड़ 20 लाख रुपये की पेमेंट ठेकेदारों से लेने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह काम नारियल फोड़ नेता ने स्वयं करवाने का कहा था। शहर से भी करोड़ों रुपए एकत्रित किए गए लेकिन काम कुछ नहीं हुआ। इस नेता के कारिंदे मिलीभगत करके पैसा डकारने का काम कर रहे हैं। यहां जारी बयान में सुशील सैनी ने कहा कि चार साल पहले नारियल फोड़ नेता ने शिवपुरी में नारियल फोड़ा था। लेकिन आज तक शिवपुरी में बैठने की जगह तक नहीं है। चार महीने में काम पूरा होने का विश्वास दिलाया गया था लेकिन चार साल में भी काम पूरा नहीं हो पाया। सुशील सैनी ने आरोप लगाया कि नारियल फोड़ नेता ने अरोड़वंश सेवा सदन और अग्रवाल सेवा सदन का भी नारियल फोड़ा था लेकिन उनके काम भी अधर में लटके हुए हैं।

**2.20 करोड़ राशि खर्च की जांच की मांग**

सुशील सैनी ने उपायुक्त से मांग की कि नगर परिषद से लिए गए 2 करोड़ 20 लाख रुपए की राशि की जांच करवाई जाए कि वह कहां खर्च की गई। उन्होंने तीन दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि नारियल फोड़ नेता शिवपुरी के नाम पर सरकारी व गैर सरकारी तौर पर एकत्रित की गई राशि का पाई पाई का हिसाब दे। जिन अधिकारियों की मिलीभगत से यह काम हुआ, उन पर कार्रवाई की जाए अन्यथा वे श्री सनातन धर्म सभा के कार्यकारी प्रधान नवीन केडिया, खैरपुर शिवपुरी और बाजेकां शिवपुरी के प्रधान अमीर चावला के साथ मिलकर धरने पर बैठेंगे और जब तक हिसाब नहीं दिया जाता तब तक धरना जारी रहेगा।

# सरकार बनते-बनते रह गई, जो कमियां रही उन्हें दूर करोः सैलजा

- सांसद कोटे की धनराशि को सभी नौ विधानसभा क्षेत्रों में किया जाएगा खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶डबवाली

सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की जनता हरियाणा में कांग्रेस की सरकार देखना चाहती थी, पर पता नहीं किस कारण से कांग्रेस की सरकार बनते-बनते रह गई। खैर जो भी कमी रही हो उसे दूर करके फिर से अपने काम में जुट जाना है। सांसद सैलजा शनिवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास धर्मशाला एवं प्रबंधन कमेटी डबवाली की ओर से रविदास धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। सांसद सैलजा ने कहा कि डबवाली की जनता सदैव उनके साथ खड़ी रही है। विधानसभा चुनाव में पूर्व विधायक और कांग्रेस उम्मीदवार रहे अमित सिहाग की मामूली अंतर से हार आज भी गले से नीचे नहीं उतर रही है, देखना है कि कहां क्या कमी रही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हर वर्ग के साथ है, हर वर्ग के लिए काम करती है। सिरसा लोकसभा क्षेत्र की जनता ने उन्हें सेवा का मौका दिया है, उन्हें सांसद कोटे के तहत जो पैसा मिलता है उसे सभी नौ विधानसभा क्षेत्र में खर्च करना है।



सिरसा। डबवाली में एक कार्यक्रम को संबोधित करती सांसद सैलजा।

# भूना में सीएम सैनी का सरप्राइज ठहराव

- जनता से मिले, विकास कार्यों पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶भूना

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को गोरखपुर गांव में न्यूक्लियर पावर प्लांट में अधिकारियों के साथ अहम बैठक के बाद वापस चंडीगढ़ जाते समय अचानक भूना में भाजपा कार्यकर्ता एवं लोगों की भीड़ हाथ हिलाकर अभिनंदन कर रही थी। शहीद भगत सिंह पार्क के पास लोगों की भीड़ देखकर मुख्यमंत्री ने अपने काफिले को रुकवाया और सुरक्षा घेरे से बाहर निकलकर आम लोगों से सीधे संवाद किया। मुख्यमंत्री सैनी ने स्थानीय निवासियों से गर्मजोशी से हाथ मिलाए, उनके अभिवादन स्वीकार किए और गुलदस्ते लेकर आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री के इस सहज और जनता से सीधे जुड़ाव वाले अंदाज ने उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया। अचानक हुए इस मुलाकात से आसपास के दुकानदारों व राहगीरों में उत्साह की लहर दौड़ गई और वे भी बड़ी संख्या में मुख्यमंत्री से मिलने पहुंच गए। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर भूना शहर के विकास कार्यों की प्रगति पर चर्चा की और नागरिकों से उनकी समस्याओं व अपेक्षाओं को जानने का प्रयास किया। उन्होंने स्पष्ट संकेत दिए कि राज्य सरकार छोटे शहरों और कस्बों के विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।



भूना। शहीद भगत सिंह पार्क के पास मुख्यमंत्री से मिलते लोग। फोटोः हरिभूमि

**किया स्वागत**

नगर पालिका के वाइस चेयरमैन नरेंद्र बागड़ी, भाजपा नेता अरुण सेठी, व्यापार मंडल के पूर्व प्रधान कैलाश बंसल और नंदलाल कंबोज ने मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें स्मृति स्वरूप बुक्का भेंट किया। मुख्यमंत्री का यह ठहराव न केवल प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि जनसंपर्क और स्थानीय भावनाओं से जुड़ाव की दृष्टि से भी सराहनीय पहल मानी जा रही है। भूना में मुख्यमंत्री की इस उपस्थिति ने स्थानीय नागरिकों के बीच सकारात्मक ऊर्जा और विश्वास का संचार किया है।



फतेहाबाद। सहनाल ठगी प्रकरण में मास्टरमाइंड डॉ. सुखदेव पुलिस गिरफ्त में।

# सहनाल ठगी प्रकरण में मास्टरमाइंड गिरफ्तार

- लाखों की नकदी और संपत्ति जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद

एसपी सिद्धांत जैन के निर्देशो पर आर्थिक अपराध शाखा ने बहुचर्चित सहनाल ठगी मामले में जांच के दौरान पुलिस ने अदालत से अनुमति प्राप्त कर मुख्य आरोपी डॉ. सुखदेव को दोबारा गिरफ्तार किया और पूछताछ के दौरान 5 लाख रुपये की नकदी, एक सोने की अंगूठी, तथा बैंक खाते में जमा 3.5 लाख रुपये की राशि को फ्रीज करवाने में कामयाबी हासिल की। आर्थिक अपराध शाखा प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी डॉ. सुखदेव द्वारा सहनाल क्षेत्र में कई लोगों के साथ धोखाधड़ी कर करोड़ों रुपये की ठगी किए जाने का मामला सामने आया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए आर्थिक अपराध शाखा द्वारा इसकी गहन जांच की जा रही है। पुलिस ने आरोपी को इससे एक माह पूर्व 15 मई 2025 को गिरफ्तार कर जेल भेजा था, लेकिन तफ्तीश के दौरान मिले नए अहम सुरागों के आधार पर अदालत से अनुमति लेकर उसे दोबारा एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। रिमांड के दौरान हुई पूछताछ में आरोपी ने ठगी की राशि से संबंधित संपत्ति के बारे में खुलासा किया, जिसके बाद पुलिस ने उक्त नकदी, आभूषण और बैंक बैलेंस को जब्त कर लिया। पूछताछ पूर्ण होने के व रिमांड की अवधि पूर्ण होने पश्चात आरोपी को आज पुनः अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# सुप्रीम कोर्ट ने गांव तामसपुरा के सरपंच को पद से हटाने पर लगाई रोक, आज नहीं होगा उपचुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद

सर्वोच्च न्यायालय ने नागपुर ब्लॉक के गांव तामसपुरा के सरपंच तरसेम सिंह को पद से हटाने पर रोक लगा दी है। सर्वोच्च न्यायालय अब इस मामले की सुनवाई 8 सप्ताह बाद करेगा। जानकारी के अनुसार गांव तामसपुरा के सरपंच पद से हटाए गए तरसेम सिंह ने सर्वोच्च न्यायालय में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता तरसेम सिंह की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता गगन गुप्ता, अधिवक्ता करण कपूर, मानिक कपूर, सृष्टि कपूर और एओआर श्रेया कपूर ने पैरवी की। उल्लेखनीय है कि उपायुक्त फतेहाबाद ने 26 दिसंबर 2023 को तामसपुरा के सरपंच तरसेम सिंह को पद से हटा दिया था। उपायुक्त के आदेश के खिलाफ तरसेम सिंह ने आयुक्त हिसार की कोर्ट में अपील दायर की लेकिन आयुक्त की कोर्ट ने उपायुक्त के आदेश को बरकरार रखा था। इन आदेशों के खिलाफ तरसेम सिंह ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में अपील की लेकिन उन्हें वहां कोई राहत नहीं मिली। अब सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद राज्य चुनाव आयोग हरियाणा धनपत सिंह ने आदेश जारी किए है कि गांव तामसपुरा के सरपंच पद पर चुनाव की प्रक्रिया तत्काल प्रभाव से रोक दी जाए।

### सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत

**डबवाली।** उपमंडल के गांव सावंतखेड़ा के निकट शनिवार सुबह कार के आगे अचानक नीलगाय आ जाने से कार सवार व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डबवाली के नागरिक अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर डबवाली के नागरिक अस्पताल में पहुंचाय, जहां पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जा रही है। उधर, शुक्रवार रात डबवाली-अबोहर रोड पर स्थित पंजाब के गांव घुमियारा के समीप हुए सडक हादसे में डबवाली कस्बे के गांव सकताखेड़ा निवासी महाबीर सिंह व अंग्रेज सिंह की मौत हो गई।

## नीट 2025 के परीक्षा परिणाम घोषित

# पॉयनियर कॉन्वेंट स्कूल के 2 विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन

- जेईई की परीक्षा में भी स्कूल के 13 विद्यार्थियों ने शानदार सफलता हासिल की

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद

नीट के परीक्षा परिणाम में पॉयनियर कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बहुत अच्छे अंक प्राप्त किये। प्रिंस जांगड़ा ने 536 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 19461 एवं कैटिगरी रैंक 8393 हासिल किया और अस्मित यादव ने 530 अंक हासिल कर ऑल इंडिया रैंक 23902 एवं कैटिगरी रैंक 10896 हासिल किया। इन विद्यार्थियों ने अपने अभिभावकों, अध्यापकों एवं स्कूल का नाम रोशन किया। इस सफलता पर पॉयनियर स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर विजय निर्मोही ने कहा कि स्कूल में नीट में एवं जेईई की परीक्षाओं के लिए नियमित तैयारी करवाई जाती है। जेईई की परीक्षा में भी स्कूल के 13 विद्यार्थियों ने शानदार सफलता हासिल की थी। प्राचार्या गीतिका मेहता ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।





प्रिंस जांगड़ा और अस्मित यादव।

**लॉर्ड शिवा कॉलेज की महक जिले में अव्वल**

**सिरसा।** पंडित भगवत दयाल शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेस की ओर से घोषित किए गए बीफार्मेसी द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणामों में स्थानीय लॉर्ड शिवा कॉलेज ऑफ फार्मेसी की छात्रा महक ने जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। संस्था के सचिव सोमप्रकाश एडवोकेट ने महक, तानिया कौर व उनके परिजनों को बधाई देते हुए इस उपलब्धि का श्रेय विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के कड़े परिश्रम को दिया।

**सलोनी ने नीट परीक्षा में हासिल किया 5368 रैंक**

**टोहाना।** शहर के मॉडल टाउन की रहने वाली सलोनी बंसल ने नीट की परीक्षा में 570 अंक लेकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सलोनी ने 5368 रैंक हासिल किया है, उसकी इस कामयाबी से पिता उमेश बंसल, माता रितू बंसल को बधाई देने वालो का तांता लगा हुआ है। रितू बंसल के पिता पूजा पाठ सामग्री बनाने का कार्य करते है जबकि माता रितू गृहणी है। सलोनी का भाई राहुल सीए की पढाई कर रहा है। सलोनी ने बताया कि वह घर में 18 से 20 घंटे पढ़ाई करती थी तथा सोशल मीडिया से दूरी बनाकर यह उपलब्धि हासिल किया है। सलोनी ने बताया कि उसकी इस कामयाबी के पीछे माता पिता व स्टाफ का सहयोग रहा है। सलोनी ने बताया कि वह आगे एमबीबीएस करके अपने क्षेत्र की सेवा करना चाहती है ताकि हर जरूरतमंद को इलाज मुहैया हो सके। सलोनी के पिता उमेश व माता रितू ने बताया कि उसके दोनों बच्चे पढ़ाई में शुरू से होशियार है तथा सलोनी ने अपनी मेहनत के बल पर यह मुकाम हासिल किया है।



*इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में निवेश करने वाले निवेशकों को अक्सर यह सलाह दी जाती है कि शॉर्ट टर्म की बजाय लॉन्ग टर्म इनवेस्टमेंट पर फोकस करें, लेकिन क्या यह सलाह आंकड़ों पर भी खरी उतरती है? इसका जवाब है हां। देश के पांच सबसे बड़े लार्ज कैप फंड्स के पिछले 1 साल, 3 साल और 5 साल के प्रदर्शन के आंकड़े इसी बात की गवाही दे रहे हैं कि समय के साथ निवेश पर मिलने वाला रिटर्न बेहतर होता है। लार्ज कैप फंड्स एक अच्छा निवेश विकल्प हो सकता है उन निवेशकों के लिए जो कम जोखिम वाले और नियमित रिटर्न वाले निवेश की तलाश में हैं। लार्ज कैप फंड्स एक प्रकार का म्यूचुअल फंड है जो मुख्य रूप से बड़ी कंपनियों के शेयरों में निवेश करता है। ये कंपनियां आमतौर पर उच्च बाजार पूंजीकरण वाली होती हैं और उनके पास एक स्थापित ट्रैक रिकॉर्ड होता है।*

# मुनाफे का मंत्र : पांच सबसे बड़े लार्ज कैप फंड्स के आंकड़ों ने निवेशकों को चौंकाया

निवेश मंत्रा

बिजनेस डेस्क

## एक साल से बेहतर 3 साल और 5 साल का रिटर्न

इन पांचों फंड्स के पिछले 1 साल के रिटर्न की तुलना में 3 साल और 5 साल का रिटर्न बेहतर रहा है। इसे और अच्छी तरह समझने के लिए पहले इन फंड्स के पिछले प्रदर्शन के आंकड़ों को देख लेते हैं। हमने यहां जिन 5 लार्ज कैप फंड्स के 1 साल, 3 साल और 5 साल के रिटर्न के आंकड़े दिए हैं, वे एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) के हिसाब से अपनी कैटेगरी में टॉप पर हैं. तुलना में आसानी के लिए इन सभी फंड्स को बड़े से छोटे एयूएम हिसाब से लिस्ट किया गया है, एनुअल रिटर्न के हिसाब से नहीं। इस लिस्ट में एचडीएफसी म्यूचुअल फंड, एसबीआई म्यूचुअल फंड, आईसीआईसीआईआई प्रू और निप्पॉन इंडिया जैसे फंड हाउस की लार्ज कैप स्कीम शामिल हैं।

**एसआईपी के जरिये करें निवेश, 19 वर्ष में हो जाएंगे करोड़पति**

●

**एसआईपी में हर साल करीब 15% का रिटर्न मिलने की संभावना**

## पांच सबसे बड़े लार्ज कैप फंड्स का पिछला प्रदर्शन

1. आईसीआईसीआईआई प्रूडेंशियल ब्लूचिप फंड (डायरेक्ट)
   - 1 साल का रिटर्न : 9.73%
   - 3 साल का औसत सालाना रिटर्न: 21.87%
   - 5 साल का औसत सालाना रिटर्न: 24.71%
   - एयूएम : 70,909 करोड़ रुपये
2. एसबीआई ब्लूचिप फंड (डायरेक्ट)
   - 1 साल का रिटर्न: 9.28%
   - 3 साल का औसत सालाना रिटर्न: 18.74%
   - 5 साल का औसत सालाना रिटर्न: 22.52%
   - एयूएम: 52,994 करोड़ रुपये
3. निप्पॉन इंडिया लार्ज कैप फंड (डायरेक्ट)
   - 1 साल का रिटर्न: 10.02%
   - 3 साल का औसत सालाना रिटर्न: 25.14%
   - 5 साल का औसत सालाना रिटर्न: 27.69%
   - एयूएम : 42,863 करोड़ रुपये
4. मिराए एसेट लार्ज कैप फंड (डायरेक्ट)
   - 1 साल का रिटर्न: 11.11%
   - 3 साल का औसत सालाना रिटर्न: 17.01%
   - 5 साल का औसत सालाना रिटर्न: 21.28%
   - **एयूएम : 40,204 करोड़ रुपये**
5. एचडीएफसी लार्ज कैप फंड (डायरेक्ट)
   - 1 साल का रिटर्न: 6.34%
   - 3 साल का औसत सालाना रिटर्न: 20.19%
   - 5 साल का औसत सालाना रिटर्न: 23.88%
   - एयूएम : 38,297 करोड़ रुपये




## रिटर्न के आंकड़ों का संकेत

ऊपर दिए आंकड़ों आंकड़ों से एक बात स्पष्ट होती है–इन सभी स्कीम्स का सालाना रिटर्न निवेश की अवधि के साथ-साथ बढ़ा है। इन फंड्स का 1 साल का रिटर्न 6.34 फीसदी से 11.11 फीसदी के बीच है। इक्विटी में निवेश पर लिए जाने वाले रिस्क को ध्यान में रखकर देखें तो इस रिटर्न को बहुत आकर्षक नहीं माना जाएगा। लेकिन इन्हीं फंड्स के 3 साल के एनुअल रिटर्न के आंकड़े 17 फीसदी से 25 फीसदी तक जाते हैं। वहीं, 5 साल के आंकड़ों में यह सालाना रिटर्न 21 फीसदी से 27 फीसदी तक चला गया है। कुल मिलाकर 1 साल, 3 साल और 5 साल के औसत सालाना रिटर्न के आंकड़े यही संकेत दे रहे हैं कि इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में लंबी अवधि का निवेश बेहतर रिटर्न दे सकता है।

## शॉर्ट टर्म से क्यों बेहतर है लॉन्ग टर्म इनवेस्टमेंट स्ट्रैटजी

शॉर्ट टर्म इनवेस्टमेंट में निवेशक जल्दी रिटर्न की उम्मीद करते हैं, लेकिन इसमें मार्केट टाइमिंग का रिस्क ज्यादा होता है। वहीं, लॉन्ग टर्म इनवेस्टमेंट में कंपाउंडिंग का फायदा मिलता है, जो धीरे-धीरे निवेश को बड़ा बनाता है। मिसाल के तौर पर अगर कोई निवेशक 5 साल तक एसआईपी करता है, तो उसे एवरेजिंग की वजह से लॉन्ग टर्म में बेहतर रिटर्न की मिलने की संभावना बढ़ जाती है। इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में बाजार की अस्थिरता सामान्य बात है. एक-दो साल में बाजार गिर भी सकता है और रिटर्न नेगेटिव या कम हो सकता है, लेकिन लंबी अवधि में कंपनियों की ग्रोथ और बाजार की रिकवरी से निवेश पर मिलने वाला रिटर्न आमतौर पर बेहतर हो जाता है। इसीलिए 5 साल या उससे ज्यादा की अवधि के लिए निवेश करने पर रिटर्न में स्थिरता और ग्रोथ दोनों मिलती है।

## लार्ज कैप फंड्स की विशेषताएं

- बड़ी कंपनियों में निवेश : लार्ज कैप फंड्स बड़ी कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं जो आमतौर पर उच्च बाजार पूंजीकरण वाली होती हैं।
- स्थिरता : लार्ज कैप फंड्स आमतौर पर अधिक स्थिर होते हैं क्योंकि वे बड़ी और स्थापित कंपनियों में निवेश करते हैं।
- नियमित रिटर्न : लार्ज कैप फंड्स नियमित रिटर्न प्रदान कर सकते हैं क्योंकि वे बड़ी कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं जो आमतौर पर स्थिर लाभांश प्रदान करती हैं।

## लार्ज कैप फंड्स के फायदे

- कम जोखिम : लार्ज कैप फंड्स आमतौर पर कम जोखिम वाले होते हैं क्योंकि वे बड़ी और स्थापित कंपनियों में निवेश करते हैं।
- नियमित रिटर्न : लार्ज कैप फंड्स नियमित रिटर्न प्रदान कर सकते हैं क्योंकि वे बड़ी कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं जो आमतौर पर स्थिर लाभांश प्रदान करती हैं।
- विविधीकरण : लार्ज कैप फंड्स पोर्टफोलियो में विविधीकरण लाने में मदद कर सकते हैं।

# गोल्ड ईटीएफ में फिर बढ़ा निवेशकों का भरोसा

■ सबसे बड़े फंड्स ने 1 साल में दिया 33 से 35% तक रिटर्न ■ तीन साल की अवधि में एनुअल रिटर्न 22% से ज्यादा रहा है ■ गोल्ड में स्टेबिलिटी और सुरक्षा नजर आ रही ■ 2025 में गोल्ड ईटीएफ में 292 करोड़ रुपये का इनफ्लो आया




गोल्ड ईटीएफ यानी गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड में एक बार फिर निवेशकों की दिलचस्पी बढ़ गई है। मई 2025 में गोल्ड ईटीएफ में 292 करोड़ रुपये का इनफ्लो देखने को मिला है, जबकि इससे पहले मार्च और अप्रैल में यह कैटेगरी लगातार दो महीने तक आउटफ्लो झेल रही थी। बीते एक साल में गोल्ड ईटीएफ ने करीब 33% तक का रिटर्न दिया है, वहीं तीन साल की अवधि में इनका एनुअल रिटर्न 22% से ज्यादा रहा है। यह परफॉर्मेंस बताता है कि बाजार में उथल-पुथल के बीच निवेशकों को गोल्ड में स्टेबिलिटी और सुरक्षा नजर आ रही है।

पैसे की बात

बिजनेस डेस्क

### क्यों लौटने लगा निवेशकों का रुझान

मार्च में 77.21 करोड़ और अप्रैल में 5.82 करोड़ रुपये का नेट आउटफ्लो दर्ज करने के बाद मई में गोल्ड ईटीएफ में 292 करोड़ रुपये का निवेश आया। इसकी प्रमुख वजह रही गोल्ड की कीमतों में मजबूती और ग्लोबल लेवल पर आर्थिक और राजनीतिक अस्थिरता। मई में गोल्ड ईटीएफ ने औसतन 1.10% रिटर्न दिया, जिसमें टाटा गोल्ड ईटीएफ 2.53% के रिटर्न के साथ टॉप पर रहा। यह संकेत है कि निवेशक अब फिर से गोल्ड को एक सुरक्षित एसेट के रूप में प्राथमिकता देने लगे हैं।

### टॉप गोल्ड ईटीएफ फंड्स का पिछला प्रदर्शन

देश के प्रमुख गोल्ड एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स के पिछले प्रदर्शन को देखने से पता चलता है कि सोने जैसे सुरक्षित एसेट में निवेश करके भी इन्होंने 1 और 3 साल में काफी आकर्षक रिटर्न दिए हैं। हमने इस लिस्ट में सिर्फ उन टॉप गोल्ड ईटीएफ को शामिल किया है, जिनका एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) कम से कम 1000 करोड़ रुपये या उससे ज्यादा है.

| ईटीएफ का नाम | 1 साल का रिटर्न | 3साल का रिटर्न |
|---|---|---|
| - यूटीआई गोल्ड ईटीएफ | 35.25% | 22.87% |
| - एयूएम : 1,943 करोड़ रुपये | | |
| - एक्सिस गोल्ड ईटीएफ | 33.99% | 22.29% |
| - एयूएम : 1,809 करोड़ रुपये | | |
| - आईसीआईसीआईआई प्रूडेंटल गोल्ड ईटीएफ | 33.91% | 22.31% |
| - एयूएम : | 7,694 करोड़ रुपये | |
| - आदित्य बिरला सनलाइफ गोल्ड ईटीएफ | 33.83% | 22.23% |
| - एयूएम : 1,163 करोड़ रुपये | | |
| - कोटक गोल्ड ईटीएफ : | 33.74% | 22.23% |
| - एयूएम : 7,639 करोड़ रुपये | | |
| - एसबीआई गोल्ड ईटीएफ : | 33.66% | 22.10% |
| - एयूएम : 8,132 करोड़ रुपये | | |
| - निप्पोन इंडिया ईटीएफ गोल्ड बीईईएस : | 33.52% | 22.08% |
| - एयूएम : 21,120 करोड़ रुपये | | |
| - एचडीएफसी गोल्ड ईटीएफ : | 33.38% | 22.21% |
| - एयूएम : 10,093 करोड़ रुपये | | |

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी बढ़ा निवेश

एक रिपोर्ट के मुताबिक 2025 की पहली तिमाही में ग्लोबल लेवल पर भी गोल्ड ईटीएफ में निवेश 170% की सालाना वृद्धि के साथ 552 टन तक पहुंच गया। पिछले तीन सालों में यह सबसे बड़ी तिमाही डिमांड रही। इसका श्रेय ट्रेड टेंशन, जियोपॉलिटिकल अस्थिरता और गोल्ड प्राइस में तेजी को दिया जा रहा है। रिपोर्ट में बताया गया कि गोल्ड-बैक्ड ईटीएफ की होल्डिंग्स 226 टन बढ़कर 3445 टन तक पहुंच गई हैं।

### निवेश रणनीति में गोल्ड ईटीएफ की अहमियत

गोल्ड ईटीएफ को निवेश पोर्टफोलियो में एक बैलेंस बनाने वाले एसेट के रूप में देखा जाता है। यह न सिर्फ पोर्टफोलियो को ज्यादा सुरक्षित बनाता है, बल्कि बाजार की अस्थिरता के समय स्टेबल रिटर्न भी देता है। गोल्ड ईटीएफ में निवेश करने के लिए डिमैट और ट्रेडिंग अकाउंट की जरूरत होती है और इनकी हर यूनिट फिजिकल गोल्ड की एक तय क्वांटिटी (आमतौर पर 1 ग्राम) से जुड़ी होती है। गोल्ड ईटीएफ में निवेशकों की वापसी और पिछले रिटर्न के आंकड़े इस बात का संकेत हैं कि बाजार में अस्थिरता के समय गोल्ड एक भरोसेमंद विकल्प बना हुआ है। चाहे वह घरेलू निवेशक हों या अंतरराष्ट्रीय संस्थान, सबके लिए गोल्ड एक महत्वपूर्ण एसेट क्लास बना हुआ है।

### गोल्ड ईटीएफ की विशेषताएं

- सोने की कीमतों के साथ जुड़ावः गोल्ड ईटीएफ की कीमतें सोने की कीमतों के साथ जुड़ी होती हैं।
- एक्सचेंज पर कारोबारः गोल्ड ईटीएफ शेयर बाजार में सूचीबद्ध होते हैं और इनमें निवेश करने के लिए आप शेयर बाजार में कारोबार कर सकते हैं।
- निवेश की सुविधाः गोल्ड ईटीएफ में निवेश करना आसान है और आप ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से निवेश कर सकते हैं।

### गोल्ड ईटीएफ के फायदे

- सोने की कीमतों में भागीदारीः गोल्ड ईटीएफ में निवेश करने से आपको सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव के अनुसार रिटर्न मिल सकता है।
- विविधीकरणः गोल्ड ईटीएफ पोर्टफोलियो में विविधीकरण लाने में मदद कर सकता है।
- लिक्विडिटीः गोल्ड ईटीएफ में निवेश करना लिक्विड है और आप आसानी से अपने निवेश को बेच सकते हैं।

## बच्चे की हायर एजुकेशन की नहीं होगी टेंशन

# रोजाना 70 रुपये बचा बनाएं लाखों का फंड

समझदारी


बिजनेस डेस्क

**पोस्ट ऑफिस की पीपीएफ स्कीम में लॉन्ग टर्म इन्वेस्टमेंट ऑप्शन आप न्यूनतम 500 और अधिकतम 1.5 लाख सालाना करें निवेश**

शादी के बाद अधिकतर कपल्स के मन में सबसे बड़ा सवाल यही होता है कि आने वाले समय में बच्चों की पढ़ाई का खर्च कैसे उठाएं? मौजूदा दौर में एजुकेशन बहुत महंगी होती जा रही है। स्कूल फीस से लेकर यूनिफॉर्म, कॉपी-किताबें और एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज तक, हर चीज में मोटा खर्च आता है। ऐसे में अगर आप अभी से सही प्लानिंग करें, तो भविष्य की टेंशन से बचा जा सकता है। पोस्ट ऑफिस की एक खास स्कीम आपकी इसी चिंता को दूर कर सकती है। इसमें निवेश कर आप बच्चों की एजुकेशन के लिए मजबूत फंड बना सकते हैं। अगर आप बच्चों की हायर एजुकेशन के लिए एक सुरक्षित और गारंटीड रिटर्न वाला निवेश विकल्प ढूंढ़ रहे हैं, तो पोस्ट ऑफिस की पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) स्कीम आपके लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकती है। इस स्कीम में सिर्फ 70 रुपये रोजाना यानी 2,100 महीने की बचत से आप 15 साल में एक अच्छा खासा फंड तैयार कर सकते हैं।

### क्या है पोस्ट ऑफिस की पीपीएफस्कीम

पोस्ट ऑफिस की पीपीएफस्कीम एक लॉन्ग टर्म इन्वेस्टमेंट ऑप्शन है, जिसमें आप न्यूनतम 500 रुपये और अधिकतम 1.5 लाख रुपये सालाना निवेश कर सकते हैं। इस पर सरकार की तरफ से सालाना 7.1% ब्याज दिया जाता है और मैच्योरिटी पीरियड 15 साल का होता है।



### 70 रुपये रोजाना बचत से कैसे मिलेगा 6.78 लाख

अगर आप हर दिन 70 रुपये बचाकर हर महीने पीपीएफ अकाउंट में 2,100 रुपये जमा करते हैं, तो एक साल में आपका कुल निवेश 25,200 रुपये होगा। इस तरह 15 साल में आप 3.75 लाख रुपये का निवेश करेंगे। ब्याज मिलाकर 15 साल बाद आपको 6,78,035 रुपये मिल सकते हैं।

**बच्चों की पढ़ाई का खर्च होगा आसान :** 15 साल बाद यही रकम आपके बच्चों की हायर एजुकेशन, कॉलेज फीस या अन्य जरूरतों के लिए इस्तेमाल की जा सकती है। यह स्कीम खासतौर पर उन पैरेंट्स के लिए फायदेमंद है जो कम बजट में भी एक सुरक्षित और भरोसेमंद निवेश चाहते हैं।

### पोस्ट ऑफिस पीपीएफ खाता क्या है

पोस्ट ऑफिस की पब्लिक प्रोविडेंट फंड (पीपीएफ) स्कीम एक भरोसेमंद निवेश विकल्प है, जो लंबे समय के लिए रिटायरमेंट फंड बनाने में मदद करती है। इस योजना के तहत निवेशकों को 15 साल की अनिवार्य लॉक-इन अवधि के साथ खाता खोलना होता है। यानी, खाता खोलने के बाद 15 साल तक इसे बंद नहीं किया जा सकता। हालांकि, 7वें साल से कुछ शर्तों के साथ आंशिक निकासी की अनुमति मिलती है। इस स्कीम की सबसे बड़ी खासियत इसका आकर्षक ब्याज दर और टैक्स में छूट है। आयकर अधिनियम की धारा 80सी के तहत इसमें निवेश करने पर टैक्स लाभ मिलता है। इसके अलावा, निवेशक को लोन सुविधा, खाता 5-5 साल की अवधि में आगे बढ़ाने की सुविधा भी मिलती है।

### पोस्ट ऑफिस पीपीएफ कैलकुलेटर क्या है?

पोस्ट ऑफिस पीपीएफ कैलकुलेटर एक आसान ऑनलाइन टूल है, जो सेकेंडों में जटिल गणनाएं कर देता है। इस कैलकुलेटर की मदद से आप यह पता कर सकते हैं कि निश्चित समयावधि और निवेश की आवृत्ति के आधार पर आपको हर साल कितना रिटर्न मिलेगा और कुल परिपक्वता राशि कितनी होगी।

### कैलकुलेटर कैसे इस्तेमाल करें?

- हर साल आप कितनी राशि जमा करेंगे, उसे दर्ज करें।
- ब्याज दर और निवेश की अवधि डालें।
- कैलकुलेटर अपने-आप अनुमानित ब्याज और मैच्योरिटी अमाउंट दिखा देगा।
- इस तरह यह कैलकुलेटर यह तय करने में मदद करता है कि आपने जो निवेश चुना है, वह आपके वित्तीय लक्ष्य के अनुरूप है या नहीं।

### पोस्ट ऑफिस पीपीएफ कैलकुलेटर के फायदे

- सेकेंडों में रिजल्ट
- निवेश और ब्याज का सालाना विश्लेषण
- टैक्स प्लानिंग में मदद
- वित्तीय योजना बनाने में सहायक




करोड़पति बनने का भी शॉर्टकट

# मात्र 10,000 का निवेश कर देगा मालामाल

बिजनेस डेस्क

करोड़पति बनने में कितना समय लगता है? यह ऐसा सवाल है जिसे अक्सर काफी लोग पूछते हैं। देखा जाए तो करोड़पति बनना बहुत आसान है, लेकिन इसके लिए कई तरह के त्याग करने की जरूरत पड़ती है। वैसे तो किसी भी चीज का कोई शॉर्टकट नहीं होता, लेकिन अगर आप करोड़पति बनने का सोच लें, तो इसका शॉर्टकट जरूर निकल आता है। हालांकि यह शॉर्टकट इतना भी शॉर्ट नहीं है। आप मात्र 10 हजार रुपये हर महीने इन्वेस्ट करके बहुत जल्दी करोड़पति बन सकते हैं। दरअसल, एसआईपी यानी सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान एक ऐसा तरीका है जिससे आप हर महीने थोड़ा-थोड़ा पैसा लगाकर लंबे समय में अच्छा पैसा बना सकते हैं। अगर आपको हर साल लगभग 15% का रिटर्न मिले, तो आप मात्र 19 साल में 1 करोड़ रुपये से भी ज्यादा की रकम इकट्ठी कर सकते हैं।



### कैसे बन सकते हैं करोड़पति?

एसआईपी म्यूचुअल फंड में निवेश करने का तरीका है। इसके जरिए आप थोड़ी-थोड़ी रकम हर महीने निवेश करके बड़ा फंड इकट्ठा कर सकते हैं। इसमें मिलने वाला चक्रवृद्धि ब्याज इस निवेश की सबसे बड़ी ताकत होता है। अगर आप एसआईपी के जरिए 10 हजार रुपये हर महीने म्यूचुअल फंड में निवेश करने हैं और आपको 15 फीसदी सालाना ब्याज मिलता है तो मात्र 19 साल में ही आप एक करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम इकट्ठी कर लेंगे। 10 हजार रुपये हर महीने निवेश करने से आप 19 साल में 22,80,000 रकम निवेश करेंगे। इस पर आपको 91,47,124 रुपये का ब्याज मिलेगा। यह ब्याज 15 फीसदी सालाना की दर से होगा। इस प्रकार आप 19 साल में 1.14 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम इकट्ठी कर लेंगे। यानी आप 19 साल में करोड़पति बन जाएंगे।



### अगर 10 हजार रुपये से कम करें तो?

अगर आप 10 हजार रुपये महीने निवेश नहीं कर सकते तो भी आपको करोड़पति बनने से कोई नहीं रोक सकता। आप कम रकम निवेश करके भी करोड़पति बन सकते हैं। हालांकि इसके लिए आपको कुछ ज्यादा इंतजार करना पड़ेगा। अगर आप 10 की जगह 8 हजार रुपये या 5 हजार रुपये हर महीने निवेश करके भी करोड़पति बन सकते हैं। अगर आप 8 हजार रुपये हर महीने निवेश करते हैं तो आपको करोड़पति बनने में 20 साल लगेंगे। वहीं अगर आप 5 हजार रुपये हर महीने निवेश करते हैं तो आप 23 साल में करोड़पति बन जाएंगे।



### एसआईपी क्यों है फायदे का सौदा?

एसआईपी वित्तीय अनुशासन को भी बढ़ावा देता है। इससे लोगों को रिटायरमेंट, बच्चों की शिक्षा या घर खरीदने जैसे लक्ष्यों के लिए थोड़ा-थोड़ा पैसा अलग रखने में आसानी होती है। इसका एक और बड़ा फायदा है कंपाउंडिंग। कंपाउंडिंग का मतलब है कि आपको अपने निवेश पर जो रिटर्न मिलता है, उस पर भी रिटर्न मिलता है। इससे समय के साथ आपकी संपत्ति तेजी से बढ़ती है। निवेश की अवधि जितनी लंबी होगी, कंपाउंडिंग का असर उतना ही ज्यादा होगा।




### करोड़पति बनने के लिए रणनीतियां

- नियमित निवेशः नियमित निवेश करने से आपको अपने पैसे को बढ़ाने में मदद मिल सकती है।
- विविधीकरणः अपने निवेश को विभिन्न प्रकार की सिक्योरिटीज में विभाजित करने से आपको जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है।
- लंबी अवधि का दृष्टिकोणः लंबी अवधि के लिए निवेश करने से आपको अपने पैसे को बढ़ाने में मदद मिल सकती है।
- वित्तीय अनुशासनः वित्तीय अनुशासन बनाए रखने से आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।
- शिक्षा और ज्ञानः वित्तीय शिक्षा और ज्ञान प्राप्त करने से आपको अपने वित्तीय निर्णयों को निर्देशित करने में मदद मिल सकती है।




### करोड़पति बनने के लिए कुछ आदतें

- बचतः नियमित बचत करने से आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।
- निवेशः नियमित निवेश करने से आपको अपने पैसे को बढ़ाने में मदद मिल सकती है।
- वित्तीय योजनाः वित्तीय योजना बनाने से आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।
- जोखिम प्रबंधनः जोखिम प्रबंधन करने से आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।
- धैर्यः धैर्य बनाए रखने से आपको अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।
- करोड़पति बनने के लिए कोई शॉर्टकट नहीं है, लेकिन सही रणनीतियों और आदतों को अपनाकर आप अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### सुहानी ने नीट में हासिल की ऑल इंडिया रैंक 3137



**हिसार।** नीट यूजी 2025 के परिणाम में हिसार की बेटी सुहानी गोयल ने शानदार प्रदर्शन कर शहर का नाम रोशन किया है। सुहानी गोयल ने कुल 583 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 3137 हासिल की है। नीट यूजी 2025 के शनिवार को घोषित परिणाम में सुहानी गोयल ने ऑल इंडिया रैंक 3137 रैंक हासिल की है। सुहानी गोयल कपिल गोयल की पुत्री हैं और शहर के सेक्टर 13 की निवासी हैं। उसकी इस सफलता के पीछे उनके परिवार का विशेष योगदान रहा है। वह कुंदन लाल गोयल की पोती एवं पीएनबी के सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रबंधक अशोक जैन की नातिन हैं। सुहानी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानी और शिक्षकों को दिया है। उसने बताया कि निरंतर पढ़ाई, सकारात्मक सोच और परिवार का सहयोग ही उसकी सफलता की कुंजी है। सुहानी की इस उपलब्धि पर परिजनों में खुशी का माहौल है और शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा हुआ है।

### अवैध शराब की 36 बोतल के साथ एक काबू

**हांसी।** सदर थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को 36 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बयाना खेड़ा निवासी कुलबीर के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार थाना सदर हांसी पुलिस ने गश्त पड़ताल दौरान उमरा से जमालपुर रोड़ पर एक व्यक्ति की तलाशी के दौरान 36 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब की 36 बोतल बरामद हुई। अवैध शराब के साथ पकड़े गए आरोपी के खिलाफ सदर थाना में शराब अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया।

### 440 ग्राम सुल्फा के साथ एक काबू

**हांसी।** विशेष अभियान के तहत सीआईए पुलिस ने 440 ग्राम सुल्फा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मुंढाल निवासी अमन के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार सीआईए स्टाफ पुलिस को गश्त पड़ताल के दौरान सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति बांडा हेड़ी से सोरखी रोड़ पर नशीले पदार्थ लेकर जा रहा है। सूचना के आधार पर सीआईए पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बांडाहेड़ी गांव के नजदीक नाकाबंदी कर सूचना अनुसार मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को रुकवाकर डयूटी मजिस्ट्रेट के सामने नियमानुसार तलाशी ली तो आरोपी के कब्जे से 440 ग्राम नशीला पदार्थ चरस बरामद हुई।

### नगर परिषद कार्यालय के सामने से स्कूटी चोरी

**हांसी।** नगर परिषद कार्यालय के सामने खड़ी की गई इलेक्ट्रिक स्कूटी चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने भगतसिंह रोड़ निवासी मोहिनी की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई शिकायत में मोहिनी ने बताया कि वह अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी पर अपने बच्चों के साथ घूमने के लिए किले पर आई थी। और उसने अपनी स्कूटी को नगर परिषद कार्यालय ने सामने पार्क कर दिया। बच्चों के किले का भ्रमण कर जब वह वापस लौटी तो उसकी स्कूटी गायब मिली।

### कार से 96 बोतल अवैध शराब बरामद

**हिसार।** पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम ने गांव धांसू में कार्रवाई करते हुए एक रिट्ज कार से 96 बोतल देसी शराब बरामद की है। इस विशेष अभियान के तहत मुख्य सिपाही विक्रांत व टीम को गश्त के दौरान गांव धांसू स्थित गोशाला के पास शराब से भरी एक संदिग्ध कार खड़ी होने की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और उड़ता प्रदेश नंबर की एक रिट्ज गाड़ी को खड़ा पाया। तलाशी लेने पर कार से कुल 8 बॉक्स में भरी हुई 96 बोतल देसी शराब बरामद की गई। पुलिस ने गाड़ी व शराब को कब्जे में लेकर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध थाना सदर में केस दर्ज करके आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

---

### फूड एंड होटल एसो. एवं पैलेस एंड कैटरिंग एसो. ने लगाया रक्तदान शिविर

# रक्तदान एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत करने का सशक्त माध्यम: बराला

**कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की**

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोहाना



टोहाना। पौधारोपण करते हुए राज्यसभा सदस्य बराला। फोटो: हरिभूमि

विश्व रक्तदाता दिवस पर फूड एंड होटल एसोसिएशन एवं पैलेस एंड कैटरिंग एसोसिएशन टोहाना द्वारा एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में डॉ शिव सचदेवा व उद्योगपति दीप सिंह पुन्नी विशेष रूप से पहुंचे। शिविर में ब्राह्मण सभा प्रधान ललित मोहन ने 54वीं बार रक्तदान किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर संस्था प्रधान गौरव पाहवा व कैटरिंग एसोसिएशन प्रधान पवनदीप ने टीम के साथ सभी का स्वागत किया। इस दौरान 101 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। सांसद सुभाष बराला ने कहा कि रक्तदान केवल एक जरूरतमंद को जीवनदान देने का कार्य नहीं है, बल्कि यह एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा, रक्तदान दुनिया के सबसे महान दानों में से एक है।

एक यूनिट रक्त कई बार एक जीवन बचाने में सहायक होता है। राज्यसभा सांसद ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। रक्तदान के साथ साथ एसोसिएशन द्वारा वृक्षारोपण भी किया जा रहा है।

इस मौके पर डॉ आईजे अग्रवाल, रविंद्र मेहता, रमन मडिय़ा, नरेंद्र गर्ग, जीवन बंसल, ललित मोहन, कुश भार्गव, रमन भाटिया, अनिल भाटिया सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

#### ज्यादा वृक्षारोपण करना चाहिए : सांसद

राज्यसभा सांसद ने कहा बढ़ते हुए प्रदूषण को कम करने के लिए ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करना चाहिए। बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय असंतुलन को ध्यान में रखते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाना आज समय की आवश्यकता बन गई है। उन्होंने कहा, वृक्ष हमें न केवल जीवनदायिनी ऑक्सीजन देते हैं, बल्कि पर्यावरण की शुद्धता, जल संरक्षण और जैव विविधता को बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। जब हम एक वृक्ष लगाते हैं, तो वह आने वाली कई पीढ़ियों को जीवन देने का कार्य करता है। शिविर में युवाओं सहित समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। एसोसिएशन ने उपस्थित सभी अतिथियों, रक्तदाताओं व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस प्रकार के जनसेवा से जुड़े कार्यक्रमों के आयोजन की प्रतिबद्धता दोहराई।



हिसार। गांव गंगा में आयोजित शिविर में रक्तदान करते ग्रामीण।

#### स्वेच्छिक रक्तदान शिविर में 60 ने किया रक्तदान

**सिरसा।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा शनिवार को विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में गांव गंगा में अखिल भारतीय जीव-रक्षा बिश्नोई सभा के सहयोग से स्वेच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन के सदस्य सुभाष रोलण ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मुख्यातिथि सुभाष रोलण ने रक्तदाताओं से कहा कि रक्तदान एक महान सेवा है और प्रत्येक युवा को आपातकालीन स्थितियों में रक्तदान के लिए सदैव तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि भूकंप, बाढ़, सडक़ और रेल दुर्घटनाओं जैसे आपातकालीन समय में रक्त की उपलब्धता जीवन बचा सकती है। इस दौरान उन्होंने गांव गंगा स्थित श्री गौशाला में पौधारोपण भी किया। उन्होंने कहा कि विश्व रक्तदाता दिवस केवल रक्तदान करने का दिन नहीं है, बल्कि उन स्वेच्छिक रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करने का भी दिन है, जो निःस्वार्थ भाव से बिना किसी स्वार्थ के रक्तदान करते हैं। इस वर्ष की थीम गिव ब्लड, गिव होपःटूगेदर वी सेव लाइफ को सार्थक बनाते हुए जिला रेडक्रॉस सोसायटी ने इस शिविर का आयोजन कर युवाओं को प्रेरित किया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी सिरसा के सचिव लाल बहादुर बैनीवाल ने बताया कि रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 5 सामाजिक संस्थाओं और 6 स्टार ब्लड डोनर्स को सम्मानित किया गया। शिविर में 60 लोगों ने स्वेच्छिक रक्तदान किया। सामान्य अस्पताल सिरसा के रक्तबैंक की टीम जिसमें लैब टेक्नीशियन ओमप्रकाश सैनी, सुभाष, रमन, काउंसलर बसंत सैनी सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

---



टोहाना। पुलिस गिरफत में नशा तस्करी का आरोपी जगसीर। फोटो: हरिभूमि

## हेरोइन तस्करी के पांचवें आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोहाना

सीआईए पुलिस ने 270 ग्राम हेरोइन से संबंधित मामले में पुलिस ने पांचवें आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान पंजाब के संगरूर जिले के गांव छाजली निवासी जगसीर के रूप में हुई है। आरोपी के विरुद्ध थाना शहर 17 मार्च को एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज है। सीआईए प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि दिनांक 17 मार्च को गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी हरबंस सिंह को गिरफ्तार किया गया था, जिसके कब्जे से 270 ग्राम हेरोइन बरामद की गई थी।

इस मामले की पुलिस जांच के दौरान पनवीर सिंह, कुलजिंद्र सिंह व जगदीश उर्फ जग्गा को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। गहन जांच के पश्चात अब इस नशा तस्करी मामले के असल सप्लायर जगसीर उर्फ जोगा को भी गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। आरोपी से पूछताछ जारी है।

### वीएम स्कूल के कैडेट्स का शानदार प्रदर्शन

**आदमपुर।** आदमपुर के वीएम विश्वास स्कूल के कैडेट्स ने रावलवास स्थित द रॉयल सैनिक विद्यापीठ में आयोजित 10 दिवसीय एनसीसी कैंप में भाग लिया और विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय प्राचार्य मुकेश सिंगला ने बताया कि कैडेट्स ने खो-खो, सिंगिंग, डांस और ड्रामा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण व रजत पदक पर कब्जा जमाया।

---

### पुलिस 12 से 26 तक चला रही 'नशा मुक्त भारत पखवाड़ा'

**हिसार।** हर वर्ष 26 जून को 'नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर नशीली दवाओं के दुरुपयोग और उसके विरुद्ध सरकारी प्रयासों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा कि इसी क्रम में जिला पुलिस की ओर से 12 से 26 जून तक 'नशा मुक्त भारत पखवाड़ा' चलाया जा रहा है। इस पखवाड़े का उद्देश्य अधिक से अधिक नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और उन्हें 'ई-शपथ' के माध्यम से नशे के विरुद्ध संकल्पबद्ध करना है।

## हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल, मां-बेटे पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरवाला

मामूली विवाद में हुए हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। वार्ड 6 निवासी घायल युवक आजाद को पहले सीएचसी बरवाला लाया गया जहां पर गंभीर हालत के चलते चिकित्सकों ने उसे हिसार के नागरिक अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने इस मामले में संलिप्त आरोपी अजय और उसकी मां शीला के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करके कार्रवाई आरंभ कर दी है। आजाद ने अपने बयान में बताया कि वो मेहनत-मजदूरी का काम करता है और अपने परिवार में पांच भाई-बहनों में सबसे छोटा है। शाम को उनके पड़ोसी अजय और रोहित उनके घर के बाहर आपस में अश्लील मजाक कर रहे थे। आजाद ने उन्हें ऐसा करने से रोका, जिसके बाद अजय ने गाली-गलौज शुरू कर दी। बात इतनी बढ़ गई कि दोनों के बीच हाथापाई हो गई, हालांकि पड़ोसियों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया। अगले दिन की शाम को अजय फिर से आजाद के घर के पास पहुंचा और गत दिन के झगड़े का जिक्र करते हुए उकसाने लगा। आजाद ने उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन अजय ने फिर से मारपीट शुरू कर दी और वहां से चला गया। कुछ देर बाद अजय अपनी मां शीला के साथ वापस आया।

### गांव माढ़ा में एक युवक टैक्टर सहित लापता

**नारनौंद।** गांव माढ़ा में एक युवक ट्रैक्टर लेकर घर से किसी काम के लिए बाहर गया था। जिसका कोई सुराग नहीं लगा। परिजनों की शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। गांव माढ़ा निवासी विजय ने बताया कि उसका भाई धर्मेंद्र घर से ट्रैक्टर लेकर किसी कार्य के लिए बाहर गया था। जब वह घर नहीं लौटा तो आसपास उसकी काफी तलाश की गई लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। सभी रिश्तेदारों से भी पता कर चुके हैं। लेकिन वह कहीं नहीं मिला। इसकी शिकायत पुलिस को दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। इंजीनियरिंग कोर्सों के लिए गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में दाखिला प्रक्रिया जारी।

## जमीनी विवाद को लेकर रिटायर्ड फौजी पर गंडासी से हमला, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

निकटवर्ती गांव शेखपुरा में जमीनी विवाद के चलते भतीजे ने अपने चाचा रिटायर्ड फौजी पर गंडासी से हमला कर घायल किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। हमले में घायल रिटायर्ड फौजी को परिजनों ने उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हिसार रेफर कर दिया। लेकिन परिजनों ने उसे उपचार के लिए हिसार के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने अस्पताल पहुंच घायल रिटायर्ड फौजी शेखपुरा निवासी 64 वर्षीय रामकिशन के बयान के आधार पर मिथुन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। नागरिक अस्पताल में उपचार के दौरान रिटायर्ड फौजी राम किशन ने बताया कि वह सेना से सेवानिवृत्त हैं। वह अपने परिवार के साथ गांव के बाहर खेत पर बने मकान में रहते हैं। शुक्रवार सुबह करीब 7:30 बजे घर के बाहर चारपाई पर बैठे थे। जब वह चारपाई से उठ कर घर के अंदर जा रहे था कि इसी दौरान उसका भतीजा मिथुन बाइक पर वहां आया। उसका रास्ता रोककर उस पर गंडासी से हमला कर दिया। राम किशन ने बताया कि मिथुन ने पहले उनके सिर पर वार किया। जिससे वह जमीन पर गिर पड़ा। उसके बाद उसने मेरे हाथ और पैरों पर कई वार किए। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। रामकिशन ने बताया कि उसके द्वारा शोर मचाए जाने गांव का सुभाष नामक मौके पर पहुंचा और आता देख मिथुन बाइक पर सवार होकर मौके से फरार हो गया।



हांसी। निजी अस्पताल में उपचाराधीन घायल रिटायर्ड फौजी रामकिशन।

---

## पंतजलि संस्थान ने लगाई छलीब



टोहाना। जल वितरित करते हुए संस्थान के बच्चे। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोहाना

शहर के डांगरा रोड स्थित पतंजलि संस्थान के बच्चों ने भीषण गर्मी को देखते हुए ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई जिससे वहां से निकलने वाले राहगीरों को जल वितरित किया गया। इस छबील का शुभारंभ पतंजलि ग्रुप के निदेशक कुलदीप नैन ने किया। कुलदीप ने बताया कि पतंजलि इंस्टिट्यूट द्वारा बच्चों को सरकारी नौकरी की तैयारी करवाई जाती है साथ ही उनमें अच्छे संस्कार डालने के लिए इस तरह के कार्यक्रम किए जाते है, जिसके तहत बच्चों द्वारा यह पानी की छबील लगाई गई है। नैन ने कहा पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी पड़ रही है ऐसे में व्यक्ति को जल पिलाना पुण्य का कार्य माना जाता है।

### पूर्व जिलाध्यक्ष स. बलदेव सिंह को दी जन्मदिन की बधाई

**फतेहाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष स. बलदेव सिंह ग्रोहा के जन्मदिन पर शनिवार को बीजेपी जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत करते हुए जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। अहमदाबाद विमान हादसे के कारण कार्यालय में ना ही केक काटा गया, ना ही मिठाई बांटी गई। कार्यकर्ताओं ने पूर्व जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा जी को जन्मदिन की बधाई देते उनके उज्जवल भविष्य व स्वस्थ जीवन की मंगल कामना की। इस अवसर पर स. बलदेव सिंह ग्रोहा ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेश शर्मा, जगदीश शर्मा, पवन सिंह पूनम सिंगला, रामकुमार मेहरा, जगदीप मोंगा, रमन सरोवा, नवजोत ग्रोहा, हरीश आहुजा सहित अनेक वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि विभिन्न विकास कार्यों को लेकर फर्म के फर्जी बिल लगाकर पंचायत फंड में गड़बड़ी की है। उधर सरपंच शैलेंद्र कुमार ने बताया कि खाल की इंटर को खुर्द नहीं किया गया जो पूरी तरह से गांव में रखी हुई है और स्टॉक रजिस्टर रिकॉर्ड में दर्ज है। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ताओं में कुछ लोग ऐसे हैं जिन्होंने पंचायत की उपजाऊ जमीन को पट्टे पर लेकर राशि देने से मना कर दिया था। जिनके खिलाफ माननीय कोर्ट में मामला विचाराधीन है उसी रंजिश के चलते झूठी शिकायत देखकर उन्हें बदनाम कर रहे हैं।

## आवेदन के लिए पंजीकरण करने की अंतिम तिथि 30 जून

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नियमित बीटेक व बीटेक लीट पाठ्यक्रमों में दाखिला प्रक्रिया शुरु हो गई है। गुजविसहित हरियाणा के इंजीनियरिंग शिक्षण संस्थानों में संचालित इन कार्यक्रमों में दाखिला हरियाणा स्टेट टेक्निकल एजुकेशन सोसायटी द्वारा किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि बीटेक कोर्सिज में दाखिला नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा संचालित जी-मेन्स 2025 के ऑल इंडिया रैंक के आधार पर होगा। दाखिलों के लिए पहली काउंसलिंग के लिए पंजीकरण 30 जून तक कर सकते हैं। पहली काउंसलिंग का सीट अलॉटमेंट का परिणाम एक जुलाई को वेबसाइट पर उपलब्ध होगा। अलॉटिड संस्थान में उम्मीदवार 02 जुलाई से 04 जुलाई तक फिजिकली रिपोर्ट कर सकते हैं। दूसरी काउंसलिंग के लिए पंजीकरण व च्वाइस फिलिंग व लॉकिंग ऑफ च्वाइसिज 7 जुलाई से 10 जुलाई तक कर सकते हैं। दूसरी काउंसलिंग का सीट अलॉटमेंट का परिणाम 11 जुलाई को वेबसाइट पर उपलब्ध होगा। अलॉटिड संस्थान में उम्मीदवार 14 जुलाई से 16 जुलाई तक फिजिकली रिपोर्ट कर सकते हैं। बीटेक लीट में दाखिले के लिए पंजीकरण करने की अंतिम तिथि 26 जून है। बीटेक लीट में दाखिले ओसीईटी-2025 के आधार पर होंगे। पहली काउंसलिंग के लिए च्वाइस फिलिंग 14 जुलाई से 17 जुलाई तक होगी। पहली काउंसलिंग में सीट अलॉटमेंट का परिणाम 18 जुलाई को घोषित किया जाएगा।

---

## दिग्विजय चौटाला कार्यकताओं के साथ आज लेंगे बैठक

- बैठक आज शाम को फतेहाबाद की जाट धर्मशाला में आयोजित की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद


जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय चौटाला कल फतेहाबाद दौरे पर रहेंगे। वे यहां पार्टी के सदस्यता अभियान को लेकर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक लेंगे। यह बैठक आज शाम को फतेहाबाद की जाट धर्मशाला में आयोजित की गई है। यह जानकारी देते हुए जिला प्रवक्ता कुलदीप सिगड़ ने बताया कि बैठक में जिले भर से पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, युवा नेता, महिला विंग और वार्ड स्तर के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में भाग लेंगे। जेजेपी के सदस्यता अभियान को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से यह बैठक मील का पत्थर मानी जा रही है। प्रदेश में पार्टी के जनाधार को और मजबूत करने हेतु दिग्विजय चौटाला लगातार जिलों का दौरा कर रहे हैं। फतेहाबाद जिले को जेजेपी का एक मजबूत गढ़ माना जाता है, और इस बैठक से पार्टी को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद है। जिला अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों ने पार्टी कार्यकर्ताओं से समय पर पहुंचने की अपील की है, ताकि बैठक को सफल बनाया जा सके।

### सीडीएलयू में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम

# योग मन-आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करने की कला

- कुलपति प्रोफेसर विजय कुमार ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा



सिरसा। सीडीएलयू में योगाभ्यास करते कुलपति प्रो. विजय कुमार व अन्य।

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के बहुउद्देशीय हॉल में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर विजय कुमार ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रो. विजय कुमार कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह मन, शरीर और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करने की एक प्राचीन भारतीय परंपरा है। उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों से दैनिक जीवन में योग को अपनाने का आह्वान किया ताकि वे स्वस्थ और तनावमुक्त जीवन जी सकें। उन्होंने कहा कि योग जीवन जीने की एक कला है, जो मन, शरीर और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को योग और ध्यान को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए, जिससे वे मानसिक रूप से स्वस्थ रहकर अपने लक्ष्यों की प्राप्ति कर सकें। कुलसचिव प्रो. अशोक कुमार ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नियमित योग अभ्यास से न केवल शारीरिक बीमारियां दूर होती हैं, बल्कि मानसिक शांति और आत्मिक संतुष्टि भी प्राप्त होती है। वहीं, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रोफेसर राजकुमार ने अपने संबोधन में युवाओं के जीवन में योग की प्रासंगिकता पर बल दिया।

#### ध्यान तकनीकों का प्रदर्शन किया

आयुष विभाग, हरियाणा योग आयोग और हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट के प्रशिक्षित योग विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न योगासनों, प्राणायामों और ध्यान तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट द्वारा प्रस्तुत ध्यान सत्र विशेष रूप से प्रतिभागियों के लिए शांत और गहन अनुभव लेकर आया। विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से योग सत्र में भाग लिया और उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया।

## खबर संक्षेप



### रक्तदान के लिए डेरा सच्चा सौदा हुआ सम्मानित

**सिरसा।** भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा शनिवार को विश्वभर में डेरा सच्चा सौदा द्वारा किए किए जा रहे स्वेच्छिक रक्तदान के लिए डेरा सच्चा सौदा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य सुभाष चंद्र व रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव लाल बहादुर बैनीवाल व अन्य लोगों ने डेरा सच्चा सौदा के हरियाणा 85 मेंबर विनोद कुमार इंसां, सहदेव इंसां, सुरेश इंसां को स्मृति चिह्न व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से डेरा सच्चा सौदा के अलावा रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पब्लिक रिलेशन हेल्प फाउंडेशन, संत निरकारी मिशन के सदस्यों, अखिल भारतीय जीव-रक्षा बिश्नोई सभा, विभिन्न यूथ क्लब के सदस्यों व सर्वाधिक बार रक्तदान करने वाले रक्तदानियों को सम्मान का प्रतीक साफा पहनाकर सम्मानित किया गया।

### दिग्विजय ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र

**सिरसा।** जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्र लिखकर तर्कों के आधार पर सिरसा जिला के डबवाली हलके में प्रस्तावित आईआईटी की स्थापना का आग्रह किया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को भेजे अपने पत्र में जेजेपी के युवा प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने डबवाली में आईआईटी की स्थापना के लिए अपने स्तर पर कुछ तर्क भी दिए हैं जिसमें कहा गया है कि मंडी डबवाली हरियाणा, पंजाब व राजस्थान की त्रिकोणिय सीमा पर स्थित महत्वपूर्ण नगर है, मगर वह आज भी किसी बड़े शैक्षणिक संस्थान से वंचित है। यह क्षेत्र भौगोलिक, सामाजिक व रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत उपयुक्त है, जहां प्रस्तावित भारतीय प्रौद्योगिक संस्थान (आईआईटी) की स्थापना की जानी चाहिए।

### खेत में बने कमरे से सामान चोरी

**सिरसा।** जिला के गांव दड़बाकलां निवासी किसान के खेतों में बने कमरे से चोर हजारों रुपए का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में गांव मानकदिवान निवासी विनोद कुमार ने बताया कि उसने गांव दड़बाकलां निवासी विनोद बेनीवाल की जमीन ठेके परली हुई है। बीती 9 जून की शाम को वह खेतों से घर आ गया। देर रात्रि को चोरों ने खेतों में बने कमरे का ताला तोडक़र दो स्प्रे पंप व दो फर्राटा पंखे चोरी कर लिए।

### आर्म्स एक्ट के तहत दो भाइयों पर केस दर्ज

**सिरसा।** डिंग पुलिस ने गांव गदली निवासी दो भाईयों के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर हथियार सहित फोटो अपलोड करने के आरोप में खिलाफ आर्म्ज एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। सुरक्षा अभिकर्ता ईएचसी संदीप कुमार की ओर से डिंग पुलिस में दर्ज करवाई गई शिकायत में बताया कि विक्रांत चौहान व विश्वजीत चौहान पुत्रान प्रताप सिंह निवासी गांव गदली के अलग-अलग इंस्टाग्राम पर अकाऊंट है। इन दोनों ने अपने-अपने अकाऊंट पर कुछ वीडियो और फोटो डाले हुए है।

डिस्पोजल की गंदगी से अटी पड़ी ग्रीन बेल्ट,फास्ट फूड सेंटर कारों में सर्व कर रहे खाना

# सेक्टर 3 और डाकखाने के सामने रात को उत्पात मचा रहे शराबी, सड़कों पर फेंक रहे कूड़ा व कचरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

- लोगों ने पुलिस से की कार्रवाई की मांग

जिला न्यायिक परिसर के थोड़ी ही दूरी पर व हुडा सैक्टर 3 में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) द्वारा कभी भी सफाई न करने से कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। हालात यह है कि कूड़े के ढेर से उठने वाली दुर्गंध से न केवल पास के कोर्ट काम्पलैक्स में आने वाले लोग बल्कि साथ लगते बड़े अस्पताल के मरीजों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस बारे में लोगों ने एचएसवीपी से मांग की है कि वह शीघ्र ही यहां से कूड़े के ढेर को हटवाएं ताकि लोग आराम से रह सकें।

हुडा सैक्टर 3 के शॉपिंग काम्पलैक्स के अलावा मॉडल टाऊन में पपीहा पार्क के सामने इन दिनों फास्ट फूड की दर्जनों दुकानें खुली हुई हैं। इसके साथ ही यहां शराब का ठेका व आसपास चिकन की दुकानें भी हैं। शाम ढलते ही यहां कारों की भीड़ लग जाती है और लोग कारों में बैठकर इन दुकानों से फास्ट फूड आर्डर करते हैं। अक्सर यह फास्ट फूड डिस्पोजल में ही सर्व किया जाता है। कार सवार लोग इन्हें प्रयोग करने के बाद कूड़े को कार के बाहर ही सडक़ पर फैक देते हैं, जिस कारण सुबह यहां गंदगी के ढेर लग जाते हैं। बात यहां तक भी नहीं रूकती, अगली सुबह फास्ट फूड के दुकानदार व चिकन विक्रेता अपनी दुकानों के आगे फैंके गए डिस्पोजल व अन्य कूड़ा-कर्कट को एकत्रित कर नेशनल हाइवे पर फैंक देते हैं। यहां तक कि हाइवे के साथ लगती ग्रीन बैल्ट में भी कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। शहर का सबसे बड़ा सद्भावना अस्पताल इसी क्षेत्र में है। इस अस्पताल में आने वाले मरीज व डॉक्टर गंदगी से उठने वाली दुर्गंध से परेशान है। इसी समस्या से साथ लगते कोर्ट काम्पलैक्स में आने वाले वकील व अन्य लोग भी परेशान हैं। लोगों का कहना है कि रेगुलर सफाई न होने के कारण कूड़े के ढेर से उन्हें काफी परेशानी होती है। इसको लेकर वे कई बार अधिकारियों को शिकायत कर चुके हैं लेकिन कोई कार्यवाही न होने से उनमें काफी रोष है। बता दें कि इस ग्रीन बैल्ट के रखरखाव के लिए नगरपरिषद संस्थाओं को लाखों की पेमेंट कर रही है लेकिन हालात यह है कि सद्भावना अस्पताल से लेकर एमएम कॉलेज में ग्रीन बैल्ट गंदगी व झाड़ फूस से अटी पड़ी है।



**फतेहाबाद।** कोर्ट के बाहर हाइवे किनारे लगे कूड़े के ढेर। फोटो :हरिभूमि

# अंकित हत्याकांड मामले में आरोपियों पर केस

- पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ जैन ने भूना पुलिस को रमेश उर्फ बकरा की अपराधिक हिस्ट्री खंगालने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

काबरेल निवासी 19 वर्षीय अंकित की हत्या के मामले में पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट में हत्या की धाराएं जोड़ दी हैं। मृतक के दादा गिरधारी लाल के बयान पर रमेश उर्फ बकरा की पत्नी कमलजीत कौर उर्फ कमल, मां रोशनी देवी, पिता रोशन लाल और दो भाई माखनलाल व सुरेश कुमार को आरोपी बनाया गया है। आरोप है कि इन्होंने अंकित को बंधक बनाकर पीटा और उसकी हत्या कर शव खुर्द-बुर्द कर दिया।घटना 9 जून की रात की है। अंकित रमेश उर्फ बकरा के घर उसकी पत्नी के पास गया था। उसी दौरान रमेश अचानक घर पहुंचा। उसने अंकित को पत्नी के पास बैठा देखा तो गुस्से में आकर पीटना शुरू कर दिया। अंकित दीवार फांदकर भाग गया। लेकिन गलियों की जानकारी न होने के कारण वह फिर उसी गली में आ गया। आरोपी उसे पकड़ लाए और बेरहमी से पीटने पर उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने रमेश उर्फ बकरा को पकड़ने के लिए तीन टीमें बनाई हैं। भूना और सीआईए पुलिस अलग-अलग स्तर पर काम कर रही हैं। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि अंकित को कहां-कहां रखा गया और उसकी हत्या कहां की गई। मुख्य आरोपी रमेश की पत्नी कमल 9 माह की गर्भवती है। इसलिए पुलिस उस पर दबाव नहीं बना रही। पुलिस का फोकस रमेश उर्फ बकरा पर है। थानाध्यक्ष सुरेंद्रा ने बताया कि मृतक के परिजन के बयान पर हत्या का केस दर्ज किया गया है। जो दोषी होगा, उसी पर कार्रवाई होगी।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ जैन ने भूना पुलिस को रमेश उर्फ बकरा की अपराधिक हिस्ट्री खंगालने के निर्देश दिए हैं। रमेश पहले भी कई मामलों में जेल जा चुका है। उस पर हत्या का केस भी दर्ज हो चुका है। पुलिस उसका पूरा रिकॉर्ड खंगाल रही है।

### पत्नी से मारपीट करने का आरोपी गिरफ्तार, केस

**फतेहाबाद।** महिला थाना पुलिस ने पत्नी के साथ मारपीट करने व दहेज की मांग करने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार कर तफ्तीश में शामिल किया है। महिला थाना प्रभारी निरीक्षक अरुणा ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र की एक पीड़िता ने शिकायत दी थी कि उसका पति उसके साथ बार-बार मारपीट करता है तथा दहेज की मांग करता है। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए महिला थाना पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी हरदीप सिंह पुत्र पीपल सिंह, निवासी श्यामकोट, जिला मुक्तसर (पंजाब) को तफ्तीश में शामिल किया। आरोपी के खिलाफ पहले ही मामला दर्ज किया जा चुका है। पूछताछ के दौरान मामले से जुड़े आरोपों की जांच की जा रही है और आवश्यक साक्ष्य एकत्रित किए जा रहे हैं। आरोपी को नियमानुसार तफ्तीश में शामिल कर पूछताछ के उपरांत छोड़ा गया है। महिला थाना पुलिस इस मामले की निष्पक्ष एवं गहन जांच कर रही है।

# खेलों से जुड़े रहने वाले युवा रहते हैं नशे से दूर: भवानी सिंह

- हिजरावां खुर्द में वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। गांव हिजरावां खुर्द में भिवानी सिंह को सम्मानित करते ग्रामीण।

ग्राम हिजरावां खुर्द, फतेहाबाद में स्थित सरकारी स्कूल के मैदान में शहीद पीर बाबा बाकर जी के सालाना जोड़ मेले के पावन अवसर पर तीसरा विशाल वॉलीबॉल शूटिंग टूर्नामेंट (कच्ची) का आयोजन धूमधाम से किया गया। यह टूर्नामेंट खेल प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा और भारी संख्या में लोगों ने इसमें भाग लिया। इस टूर्नामेंट का आयोजन शहीद उधम सिंह कंबोज स्पोट्र्स क्लब, हिजरावां खुर्द द्वारा किया गया। आयोजन की अध्यक्षता भाई भवानी सिंह, प्रदेश सचिव भाजपा, हरियाणा किसान मोर्चा ने की। कार्यक्रम में विशेष रूप से युवाओं में खेल के प्रति जागरूकता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देने पर बल दिया गया। टूर्नामेंट में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आई टीमों ने भाग लिया और शानदार खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में पहला ईनाम 21 हजार व ट्राफी, दूसरा ईनाम 13 हजार व ट्राफी, तीसरा 3100 रुपये व ट्राफी, चौथा ईनाम 3100 रुपये व ट्राफी दिया गया। वहीं बेस्ट प्लेयर को सिलिंग फेन दिया गया। आयोजकों ने बताया कि यह टूर्नामेंट हर साल शहीद पीर बाबा बाकर जी के जोड़ मेले के साथ जोड़ा जाता है ताकि युवा पीढ़ी को खेलों के माध्यम से शहीदों के बलिदान की प्रेरणा दी जा सके।इस दौरान ठाकुर भवानी सिंह ने अपने संबोधन में आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि गांवों में ऐसे आयोजनों से युवाओं को खेलों की ओर रुझान मिलता है और वे नशा व अन्य सामाजिक बुराइयों से दूर रहते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार भी ग्रामीण खेलों को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। कार्यक्रम के अंत में विजयी टीमों को ट्रॉफी व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विक्की हिजरावां, कुलदीप कंबोज, सुनील कंबोज, संजय कंबोज, विजय कंबोज, अनमोल कंबोज, रणदीप कंबोज, शीलू कोहली, एडवोकेट दीपु ढिल्लों, रवि कंबोज, प्रमोद, अशोक नंबरदार, अशोक कंबोज, राजेश कुमार, मंगत मित्तल, धर्मपाल कंबोज, विपिन कंबोज, कपिल कुमार, अनिल कुमार, सोनू कंबोज, प्रबंधक कमेटी में विक्रम कंबोज, शीलू, संदीप, प्रवीण कुमार, पूर्व सरपंच सुभाष मास्टर, लेखराज, रवि, अनमोल, गगन आदि मौजूद रहे।

# चंद्रावल में पुरानी ईंटों के गोलमाल का आरोप ग्रामीणों ने की जिला उपायुक्त से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

चंद्रावल गांव में लाखों रुपये की पुरानी ईंटों को सरपंच पर खुर्द-बुर्द करने का ग्रामीणों ने आरोप लगाया है। जिसकी शिकायत उपायुक्त फतेहाबाद दी है। जबकि सरपंच ने शिकायतकर्ताओं से जमीन पट्टा नीलामी की राशि नही देने और एक का पंचायती जमीन पर कब्जा किए हुए मकान गिरने की रंजिश बताया है। चंद्रावल निवासी इंद्राज सिंह, रमेश कुमार, अजायब सिंह, रोहताश कुमार, मानसिंह, महाबीर सिंह व राधेश्याम आदि ने बताया कि पंचायत द्वारा चंद्रावल गांव के मोगा नंबर 14786 राइट जांडली सब-माइनर पर मनरेगा स्कीम के तहत आरसीसी पाइपलाइन डाली गई है। उपरोक्त खाल की लंबाई लगभग 25 एकड़ है और ईंटों से बना हुआ था। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि खाल पर आरसीसी पाइपलाइन दबाने के लिए ईंटों को उखाड़ दिया गया। मगर सरपंच व ग्राम सचिव ने उपरोक्त खाल की ईंटों को स्टॉक में नहीं लिया और ना ही खुली नीलामी की गई। इसलिए लाखों रुपये की पुरानी ईंटों को खुर्द-बुर्द कर दिया गया। जिससे ग्राम पंचायत चंद्रावल को लाखों रुपये की वित्तीय हानि हुई है। परंतु जब उपरोक्त मामले को लेकर आरटीआई के माध्यम से स्टॉक रजिस्टर, एमबी, प्राक्कलन की कॉपी तथा ईंटों की कीमत निर्धारण प्रति से संबंधित जानकारी लेने की कोशिश की तो पंचायत ने उन्हें कोई रिकॉर्ड नहीं दिया। इसलिए सरपंच एवं ग्राम सचिव पर पुरानी ईंट गबन मामले में कार्रवाई होनी चाहिए। शिकायतकर्ताओं ने कहा कि इसके अतिरिक्त गांव में हुए विकास कार्यों में काफी अनियमितताओं को बढ़ावा दिया हुआ है।

# साढ़े सात लाख ऐंठने वाले के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

कालांवाली पुलिस ने मंडी कालांवाली निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर लकड़ावाली निवासी युवक के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। वार्ड नंबर पांच कालांवाली निवासी जगदीश राय पुत्र बलवंत राय ने बताया कि वह हार्ट पेशेंट है। वह 10 मई को अपने बेटे जोगिंद्र पाल के साथ दवाई लेने के लिए सिरसा जा रहे थे। जब वे तारूआना रोड पर पहुंचे, तभी बुलेरो सवार पुलिस कर्मियों ने उन्हें रोका और गाड़ी की तलाशी ली। गाड़ी में किसी प्रकार का आपत्तिजनक सामान न मिलने पर भी उसके बेटे को गाड़ी की पिछली सीट पर बैठाकर पुलिस कर्मी उन्हें सीआईए कालांवाली में ले गए। कुछ देर बाद अपनी गाड़ी में बैठाकर घर पर लाए और घर की तलाशी ली। यहां भी कुछ नहीं मिला, फिर नोहरे की तलाशी ली। उसका ताला तोडक़र दवाईयों के तीन कार्टून बरामद किए। अपनी गाड़ी में दवाई व उसके बेटे जोगिंद्र को साथ ले गए।जब उसने अपने बेटे जोगिंद्र के बारे में पता किया तो गांव लकड़ावाली निवासी उनके जानकार गुरसेवक सिंह से बात की। गुरसेवक सिंह ने उन्हें बताया कि उनका जानकार सीआईए कालांवाली में तैनात है और वे 10 लाख रुपये की मांग कर रहे है। अन्यथा वे दवाईयों का पाऊडर डालकर वजन बढ़ा देंगे और मामला एनडीपीएस का बना देंगे। उसने अपने बेटे जोगिंद्र को बचाने के लिए दूसरे बेटे शिन्द्र से बात की और अपने दामाद मोहन लाल से पैसे मांगे। उसने तीन लाख रुपये देने की बात की, तब उन्होंने सोने की चेन बेचने के लिए कहा। इस प्रकार उन्होंने किसी प्रकार साढ़े 6 लाख का इंतजाम किया। यह राशि उसके बेटे शिंद्र सिंह ने गुरसेवक सिंह को दोपहर में दी। शिकायतकर्त्ता जगदीश राय की शिकायत पर पुलिस जांच कर रही है।

**पुलिस कर रही जांच**

कालांवाली पुलिस ने धोखाधड़ी की इस शिकायत पर लकड़वाली निवासी गुरसेवक सिंह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 3082, 3184 के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच का जिम्मा एएसआई कृष्ण कुमार को सौंपा गया है।

# वोटर्स निर्भीक होकर करें मतदान: एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

पुलिस द्वारा रामपुरा बिश्नोइयां में 15 जून को होने वाले पंचायत उप चुनाव के मद्देनजर चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न करवाने के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

आमजन की सुरक्षा व शरारती तत्वों की निगरानी को ध्यान में रखते हुए शांतिपूर्ण चुनाव करवाने के लिए पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर द्वारा शनिवार को मतदान बूथों का निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक डबवाली ने सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि चुनाव ड्यूटी को पूरी सतर्कता के साथ करें। पुलिस कर्मियों को हिदायत दी गई है कि इस दौरान वह अधिकारियों से उचित तालमेल बनाकर रखें। उन्होंने कहा कि पुलिस व होमगार्ड जवान बूथ पर अति सूझबूझ के साथ कर्तव्य पालन दौरान नम्र व्यवहार करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से निष्पक्ष मतदान संपन्न करवाएं। पुलिस कर्मचारी पीठासीन अधिकारी द्वारा बुलाए जाने उपरांत ही बूथ के अंदर जाएं तथा बेवजह अंदर प्रवेश नहीं करें। बूथ के बाहर शांति कायम रखते हुए मतदान कर चुके व्यक्ति को परिसर से बाहर चले जाने को कहें। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कल 15 जून की सुबह 6 बजे मॉक पोल तथा 7 बजे मतदान प्रक्रिया आरंभ हो जाएगी जबकि शाम 6 बजे तक चलेगी।

6 बजे के बाद चुनाव परिसर में किसी के प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी, परंतु 6 बजे तक मतदान के लिए लाइन में लग चुके मतदाताओं के मत का भुगतान करवाया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने आम जनता से अपील की है कि वे अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्वों से सावधान रहें।



**सिरसा।** रामपुरा बिश्नोइयां में बूथों का निरीक्षण करती एसपी निकिता खट्टर।

# बैठक में रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

रिटायर्ड र्मचारी संघ की बैठक शनिवार को राजकीय सीनियर सेकंडरी स्कूल में प्रधान सुखवंत चीमा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बड़ी संख्या में रिटायर्ड कर्मचारी उपस्थित हुए। इसमें सबसे पहले अहमदाबाद में विमान हादसे के दौरान जान गंवाने वाले सभी मृतकों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बाद में रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं को लेकर विचार विमर्श किया गया। संबोधन में सुखवंत सिंह चीमां ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संसद में पास गया नया वित्त विधेयक-2025 सेवानिवृत कर्मचारियों को वेतन संशोधन के लाभ से वंचित करता है। यह सेवानिवृत कर्मचारियों के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि संघ द्वारा लगातार सरकार के समक्ष अपनी मांगों को उठाया जा रहा है लेकिन सरकार उन्हें अनदेखा कर रही है। उन्होंने कर्मचारियों की मांगों को पूरा करने की मांग की।



**डबवाली।** बैठक में भाग लेते रिटायर्ड कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### पुलिस ने मंदबुद्धि बच्चे को परिजनों को सौंपा

**सिरसा।** पुलिस द्वारा गुमशुदा बच्चों को तलाशने के लिए चलाई जा रही मुहिम ऑपरेशन स्माइल के तहत शनिवार को नाथूसरी चौपटा थाना क्षेत्र में स्थित ईआरवी डायल 112 की पुलिस टीम ने गुमशुदा मंदबुद्धि बच्चे को मात्र 10 मिनट में सकुशल ढुंढकर उसके परिजनों को लौटा दिया। गुमशुदा मंदबुद्धि बच्चों की माता कृष्णा देवी ने डायल 112 पर कॉल कर बताया कि उसका बच्चा आरूष सुबह से गुम हो गया है और तलाश के बाद भी उसका सुराग नहीं लगा है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8814999173, 9253681005

### विमान हादसे में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

**सिरसा।** अहमदाबाद में हुए विमान हादसे को लेकर जनकल्याण न्यास ट्रस्ट ने गहरा दुख व्यक्त किया है। प्रधान ओमबहल की अध्यक्षता में सभी सदस्यों ने दो मिनट का मौन धारण कर मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्रधान ओम बहल ने कहा कि मारे गए लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि यह विमान हादसा बहुत दुखद घटना है, क्योंकि इस हादसे में सैकड़ों लोगों की अनमोल जानें चली गई। उन्होंने कहा कि विमान हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपानी का इस दुनिया से चले जाना पार्टी और देश के लिए एक बहुत बड़ी क्षति है।

बदमाशों की पोस्ट को शेयर और कमेंट करने वालों पर होगी कार्रवाई

# फेसबुक पर अपराधियों की पोस्ट को लाइक करने वालों पर नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद पुलिस सोशल मीडिया पर सक्रियता से निगरानी करते हुए अपराधियों के प्रचार-प्रसार और महिमामंडन की किसी भी कोशिश को गंभीरता से ले रही है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अपराधियों की पोस्ट पर लाइक, शेयर या कमेंट कर उनके समर्थन में सक्रिय दिखने वाले व्यक्तियों पर भी पैनी नजर रखी जा रही है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा कि सोशल मीडिया पर अपराधियों को हीरो के रूप में प्रस्तुत करना या उनके कृत्यों का समर्थन करना, न केवल कानून के विरुद्ध है, बल्कि समाज में गलत संदेश भी देता है। उन्होंने कहा कि फतेहाबाद पुलिस साइबर सेल और थाना स्तर पर विशेष निगरानी रख रही है और ऐसे मामलों में कार्रवाई भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति यदि जानबूझकर सोशल मीडिया पर अपराधियों के पक्ष में प्रचार करता है, उनकी पोस्ट शेयर करता है, या उन्हें प्रोत्साहित करता है — तो इसे गंभीर अपराध की श्रेणी में लिया जाएगा।सैकड़ों अकाऊंट की पहचान की पुलिस ने फतेहाबाद पुलिस ने हाल के दिनों में सैकड़ों ऐसे सोशल मीडिया अकाउंट्स की पहचान की है, जो आपराधिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्तियों के समर्थन में पोस्ट कर रहे थे।

**एसपी की अपील**



पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग करें और किसी भी आपराधिक प्रवृत्ति वाले व्यक्ति का समर्थन या प्रचार करने से बचें। यदि कोई व्यक्ति अनजाने में भी ऐसी गतिविधियों में शामिल है, तो वह तुरंत अपनी पोस्ट हटाकर पुलिस के समक्ष स्थिति स्पष्ट करे।

**एसपी सिद्धांत जैन**